न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, धौलपुर

पीठासीन अधिकारी :– हरि राम मीना, आर.ए.एस.

अपील संख्याः– 56 / 2025 (75 एल.आर.एक्ट.)

उनवान

1. राम सिंह पुत्र श्री रतीराम जाति लोधा निवासी फराकपुर तहसील व जिला धौलपुर
2. जनक सिंह पुत्र श्री रतीराम जाति लोधा निवासी फराकपुर तहसील व जिला धौलपुर

.............................**अपीलार्थीगण**

बनाम

3. सरकार जरिए तहसीलदार तहसील धौलपुर।

.............................**रेस्पोडेन्ट**

उपस्थितः–

1. श्री रंजीत सिंह लोधा अभिभाषक अपीलार्थी।
2. राजकीय पेरोकार रेस्पोडेन्ट की ओर से।

::: निर्णय :::

दिनांकः–27.06.2025

यह अपील न्यायालय तहसीलदार धौलपुर के मुकदमा नं0 262/2024 उनवानी सरकार बनाम राम सिंह वगैरा निर्णय दिनांक 03.03.2025 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है।

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि हल्का पटवारी पटवार हल्का सिंघावली द्वारा दिनांक 18.12.2024 को तहसीलदार धौलपुर को इस आशय की रिपोर्ट पेश की गई कि राम सिंह, जनक सिंह पि0 रतीराम जाति लोधा सा.देह द्वारा राजस्व ग्राम फराकपुर में संवत् 2081 खसरा नं0 659/427 रकबा 16 विस्वा किस्म चारागाह पर नाजायज कब्जा कर रकवा 10 विस्वा जिन्स सरसो किस्म चारागाह पर पश्चातवर्ती अनाधिकृत कब्जा काश्त किया है, कानूनी कार्यवाही की जावें । न्यायालय तहसीलदार नें गैरसायल के विरूद्ध एल.आर.एक्ट 1956 की धारा 91 में मु0नं0 262/2024 उनवान सरकार बनाम रामसिंह वगैरा दर्ज किया जाकर, वर्णित धारा 91(2) के तहत 60 दिवस के सिविल कारावास एवं लगान 1.50 का पचास गुना 75 रूपये शास्ति के दण्डित किया जाकर बेदखली के आदेश पारित किए गए । इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है ।

अपील में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार धौलपुर ने आराजी खसरा नम्बर 659/427 चारागाह ग्राम सलेमपुर के 10 विस्वा भूमि पर सम्वत् 2081 रवी की फसल जोत बोकर पश्चातवर्ती अतिक्रमी बताकर एक पक्षीय रूप से अपीलांट को बिना सुनवाई का अवसर दिये अपीलांट को 60 दिवस का सिविल कारावास एवं 75 रूपये शास्ति से दण्डित किया है ।

